Date	05.12.2025
Publication	Dainik Bhaskar - Kankher
Headline	Awareness about cancer, prevention of the disease is possible only through open conversation about breast health
Page No	16
Circulation	1,44,453

आयोजन • प्रदान के सहयोग से 800 ग्रामीण महिलाओं को हग ऑफ लाइफ किट का किया गया वितरण

कैंसर के प्रति जागरूकता, ब्रेस्ट हेल्थ पर खुलकर बातचीत से ही बीमारी का बचाव

भास्कर न्यूज़ | कांकेर

महिलाओं में ब्रेस्ट हेल्थ को लेकर जागरूकता बढ़ाने और ब्रेस्ट कैंसर की शुरुआती पहचान के महत्व को समझाने के लिए एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी पहल थैंक्स-अ-डॉट के तहत प्रदान एनजीओ के साथ मिल कांकेर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में महिलाओं को सरल तरीके से सेल्फ-ब्रेस्ट परीक्षण करना सिखाया गया। साथ ही स्तन कैंसर के शुरुआती संकेतों को पहचानने तथा उसके इलाज के उपाय भी बताए। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को हॉट वॉटर बैग प्रदान किया गया जो महिलाओं को स्पर्श के जरिए असामान्य गांठ को पहचानने में मदद करता है।

एसबीआई लाइफ ने हाल ही में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के साथ स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता लाने कार्यक्रम किया था जिसमें भारत आस्ट्रेलिया के बीच हुए मैच में महिला टीम ने पिंक थैंक्स-अ-डॉट जर्सी पहनी थी। इस पहल ने पूरे देश का ध्यान सेल्फ ब्रेस्ट परीक्षण और शुरुआती पहचान के महत्व की ओर खींचा। इस मैच में हर 50 डॉट बॉल पर 200 हग ऑफ लाइफ हॉट वॉटर बैग जरूरतमंद महिलाओं को दिए जा रहे हैं। मैच में कुल 200 डॉट बॉल डाली गईं इसलिए कुल 800 कीट प्रदान एनजीओ के माध्यम से छत्तीसगढ़ की महिलाओं को वितरित की जा रही हैं। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के चीफ़ ऑफ़ ब्रांड कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और सीएसआर रविंद्र शर्मा ने कहा भारत जैसे विविध देश में महिलाओं का स्वास्थ्य और उनका सशक्त होना ही समाज की तरक्की की बुनियाद है। कई महिलाओं में ब्रेस्ट हेल्थ को लेकर बातचीत कम होती है। कभी झिझक की वजह से, तो कभी जानकारी की कमी के कारण। हमारा उद्देश्य है कि ब्रेस्ट हेल्थ पर घरों में खुलकर बात हो और लोगों के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव आए। कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत हरेश मंडावी, सीएमएचओ कांकेर डा आरसी ठाकुर, सीनियर मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट और मेडिकल डायरेक्टर बाल्को मेडिकल सेंटर नया रायपुर डा भावना सिरोही उपस्थित थे।

समय रहते पहचान ही जीवन बचाने का प्रभावी तरीका: कलेक्टर निलेश महादेव क्षीरसागर ने कहा ब्रेस्ट कैंसर आज भी महिलाओं में होने वाले सबसे आम कैंसरों में से एक है। इसकी समय रहते पहचान ही जीवन बचाने का सबसे प्रभावी तरीका है। थैंक्स-अ-डॉट पहल महिलाओं में प्रिवेंटिव हेल्थकेयर को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समुदाय तक सीधे जागरूकता पहुंचाकर महिलाओं को व्यवहारिक जानकारी व जरूरी संसाधन देकर स्वास्थ्य परिणामों में बड़ा सुधार लाया जा सकता है।

कांकेर। जागरूकता कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर।

कांकेर। जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शामिल हुई महिलाएं।

थैंक्स-अ-डॉट कार्यक्रम में मनोज ने कहा- महिलाओं के लिए सुरक्षित और सहायक माहौल बनाना जरूरी

स्टेट लीड प्रदान एनजीओ मनोज कुमार ने कहा थैंक्स-अ-डॉट पहल के साथ हमारी साझेदारी ने कांकेर की उन महिलाओं तक भी ब्रेस्ट हेल्थ की जागरूकता पहुंचाई है जिन्हें अब तक सही जानकारी या शुरुआती जांच का अवसर नहीं मिल पाता था। ऐसे कार्यक्रम महिलाओं के लिए एक सुरक्षित और सहायक माहौल बनाते हैं जहाँ वे सीख सकती हैं। इस तरह के प्रैक्टिकल वर्कशाप न सिर्फ़ जरूरी जानकारी देते हैं बल्कि कई तरह की सामाजिक झिझक भी दूर करते हैं। एसबीआई लाइफ समाज को लौटाने की संस्कृति को मजबूत रूप से प्रोत्साहित करती है। बाल शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, आपदा राहत और पर्यावरण सुधार जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।